समक्ष माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली।

ओ.ए. 911 **सन् 2024**

विकास **.....आवेदक**

बनाम

उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य **.....प्रतिवादीगण**

(आदेश के अपालन के विरुद्ध कार्यवाही हेतु)

श्रीमान जी,

आवेदक निम्नलिखित निवेदन करता है:-

1. यह कि आवेदक ने उपरोक्त मूल आवेदन झांसी प्रशासन और विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की सह पर नगर पार्क एवं नाले की भूमि पर पर्यावरणीय क्षति पहुंचाते हुए किये जा रहे अनधिकृत/अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों को रोकने एवं हटायें जाने हेतु प्रस्तुत किया था।

2. यह कि अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सामग्री के आधार पर माननीय न्यायाधिकरण द्वारा प्रतिपक्षियों को नोटिस जारी करने का आदेश पारित किया था, जो प्रतिपक्षियों को तामील है इसके बावजूद प्रतिपक्षी संख्या 1,2,4,5,6,7 और 8 अपना जवाब दाखिल नहीं करके माननीय न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 29.07.2024 का जानबूझकर पालन नहीं कर रहा है।

3. यह कि ऐसा प्रतीत होता है कि इस माननीय न्यायाधिकरण के आदेश को पूरा कराने के लिए क्षोभकर्ताओं के विरुद्ध बल प्रयोग हेतु माननीय न्यायाधिकरण द्वारा पारित निर्दिष्ट आदेश के बगैर प्रतिपक्षी माननीय न्यायाधिकरण के आदेश का पालन नहीं करेगा।

4. यह कि प्रतिपक्षी संख्या 1,2,4,5,6,7 और 8 के द्वारा जवाब दाखिल नहीं करके माननीय न्यायाधिकरण का कीमती समय नष्ट करने और प्रकरण को लंबित रखने की मंशा है। उपरोक्त प्रतिपक्षियों के द्वारा जवाब दाखिल न होने से प्रकरण की अग्रीम कार्यवाही बाधित हो रही है।

5. यह कि झांसी प्रशासन और विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की सह पर अराजक तत्वों द्वारा लगातार प्रकरण में उल्लेख नगर पार्क एवं नाले की भूमि पर अतिक्रमण कर पर्यावरणीय क्षति पहुंचाते हुए अनधिकृत/अवैध निर्माण किये जा रहे है। जिसे प्रतिपक्षी संख्या 9 द्वारा द्वारा दिनांक 03.11.2024 को प्रेषित आख्या में संलग्न फोटोग्राफ (पृष्ठ संख्या 33) में स्पष्ट देखा जा सकता है।

प्रार्थना

अतः विनम्र निवेदन है कि आदेश दिनांक 29.07.2024 का अनुपालन कराने के लिए बल प्रयोग हेतु या अन्य आवश्यक साधनों के प्रयोग हेतु आदेश पारित करने की कृपा करें, क्योंकि प्रतिपक्षी संख्या 1,2,4,5,6,7 और 8 को उक्त आदेश की जानकारी एवं नोटिस तामील होने के बावजूद माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष अपना जवाब दाखिल नहीं कर रहा है।

दिनांक 11.02.2025

प्रार्थी/आवेदनकर्ता

विकास

विकास पुत्र श्री चन्दन सिंह
153 पिछौर, झांसी, उत्तर प्रदेश।
मो. 8115101078